# 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर - 2022

## प्रतिवेदन

लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 5 मार्च 2022 से 11 मार्च 2022 तक श्री अरविंद आश्रम ग्राम dendiya में लगाया गया। उसका उद्देश्य था। समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करना, जिस समुदाय में भी कार्य करते हैं, उसे समझना। समुदाय के परिप्रेक्ष्य में स्वयं को समझना। कठिनाइयों के व्यवहारिक निराकरण ढूंढने में शिक्षा एवं ज्ञान को लागू करना। राष्ट्रीय एकता का विकास करना। इस उद्देश्य को लेकर सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, प्रभात फेरी, श्रमदान, स्वच्छता अभियान, रंगाई पुताई, ग्राम dendiya में जाकर, जागरूकता रैली के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मतदान के प्रति जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, टीकाकरण के प्रति जागरूकता, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देना। अरविंद आश्रम में पौधारोपण का कार्य, खेल की गतिविधियां, विभिन्न प्रतियोगिताएं के अंतर्गत तात्कालिक भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य ,समूह नृत्य का आयोजन किया गया। विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जिसमें एमएस श्रीवास्तव अरविंद सोसाइटी के मैनेजर द्वारा महर्षि अरविंद एवं श्री मा की जानकारी दी गई। पंकज सिंह सिंघानिया, श्री सांवरमल स्वामी जी के द्वारा प्राणायाम कराया गया। मोहन सर अरविंद सोसाइटी के मेंबर के द्वारा सांपों की जानकारी दी गई। कि कौन से सांप जहरीले होते हैं, और कौन से मिमिक्री करते हैं। प्राचार्य महोदय द्वारा नेतृत्व कैसे किया जाता है। जानकारी दी गई श्री योगेश मिश्रा सहायक प्राध्यापक के द्वारा इंटरनेट का उपयोग हमें सावधानी से करना चाहिए, इसके दुष्प्रभाव क्या-क्या हो सकते हैं। सभी जानकारी दी गई। तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत श्री नवीन मिश्रा एलआईसी डेवलपमेंट ऑफिसर और डॉक्टर अंशु भारद्वाज माधव विज्ञान महाविद्यालय से हार्टफुलनेस पर व्याख्यान दिया गया। डॉक्टर प्रज्ञान त्रिपाठी आयुर्विज्ञान आयुर्वेद के स्पेशलिस्ट के द्वारा स्वयं सेवकों को औषधियों की जानकारी दी गई। डॉ प्रदीप लाल रे राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कई महत्वपूर्ण जानकारी बताई गई। डॉक्टर अक्षिता तिवारी, श्री योगेश मिश्रा, श्री सुधीर कुमार सोलंकी डॉक्टर अंजली शाह द्वारा अपने अपने विषय पर नई शिक्षा नीति पर प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई डॉ शीतल कुमार शर्मा सहायक प्राध्यापक द्वारा नेतृत्व के ऊपर एवं ग्रुप डिस्कशन किस तरह किया जाता है। की जानकारी दी गई। लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉक्टर गोविंद गंदे राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताया गया। नेतृत्व के बारे में बताया गया, समूह में रहकर कार्य कैसे किया जाता है ,अनुशासन में कैसे रहना चाहिए। सभी जानकारियां महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा दी गई। इस पूरे शिविर में कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा परमार उपस्थित रही।










8.30 से 9.30
9.30 से 10
10 से 12
12 से 1
1 से 2.30
भोजन
2.30 से 4
4 से 4.30
4.30 से 6
6 से 6.30
7 से 8
रात्रि भोजन


















राष्ट्रीय सेवा योजना




राष्ट्रीय सेवा योजना




































लोकमान्य टिळक




















